**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 03.11.2024 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- क्षेत्रीय लेखा कार्यालय के संयुक्त रक्षा लेखा नियंत्रक की ओर से माह–व्यापी स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- आयुष अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं के जन्म दोषों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- ए एम एफ आई के सहयोग से जेएनआरएम में वित्तीय शिक्षा पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ।
- राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मध्योत्तर अंडमान ज़िला टीबी अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित और उनकी टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशोरी नगर का दौरा किया।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय लेखा कार्यालय के संयुक्त रक्षा लेखा नियंत्रक की ओर से माह–व्यापी स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तीस नवंबर तक बुनियादाबाद के अयप्पा मंदिर के पास सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की सहायता के लिए आयोजित की जा रही है, जिनकी पेंशन नए स्पर्श मॉड्यूल में स्थानांतरित हो गई है। स्पर्श, प्रश्नों के आधार पर विसंगतियों और अन्य पेंशन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा नियंत्रक ने स्पर्श यानी पेंशन प्रशासन प्रणाली–रक्षा लागू की है, जो सभी रक्षा और नागरिक पेंशनभोगियों के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करने वाला एक व्यापक पेंशन पैकेज है। अंडमान निकोबार कमान के क्षेत्रीय लेखा कार्यालय ने भी सभी रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है, ताकि उनकी पेंशन संबंधी सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन हो गया। समापन समारोह टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' रखा गया था। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश मुख्य अतिथि थे। सप्ताह के अंतर्गत श्री विजयपुरम के टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम द्वारा युवाओं को समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता के अलावा, पुलिस मनोरंजन टीम द्वारा सतर्कता और भ्रष्टाचार की सूचना देने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने भाषण और वाद–विवाद प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पुलिस अधीक्षक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भ्रष्टाचार निवारण इकाई द्वारा जनता को भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी कर्मचारियों के बारे में कोई भी जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस अधीक्षक, उप–पुलिस अधीक्षक, थाना अध्यक्ष, भ्रष्टाचार निवारण इकाई के साथ साझा करें।

<><><><><><><>

आयुष अस्पताल में हाल ही में चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं के जन्म दोषों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवजात शिशुओं

में शारीरिक विकृतियों जैसे फटे होंठ या तालू, डाउन सिंड्रोम जैसी गुणसूत्र संबंधी असामान्यताएं, जन्मजात बहरापन और मोतियाबिंद, हीमोग्लोबिन की कमी और समय से पहले जन्म से संबंधित जटिलताओं की पहचान करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मलेरिया उप निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में आयुष के उप–निदेशक डॉ. कल्याण पी कदभाने भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. प्रगदीश और डॉ. रितु स्रोत अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से कुल पच्चीस प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। यह पूरा कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंथनी की देखरेख में आयोजित हुआ।

<><><><><><><>

ए एम एफ आई के सहयोग से जेएनआरएम के स्नाकोत्तर वाणिज्य विभाग द्वारा ''वित्तीय शिक्षा– एनईपी दो हजार बीस के तहत एक जीवन कौशल'' पर हाल ही में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ए एम एफ आई के वरिष्ठ सलाहकार सूर्यकांत शर्मा ने वित्तीय सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि उन्हें वास्तविक रिटर्न को देखना चाहिए, न कि काल्पनिक रिटर्न को, क्योंकि मुद्रा स्फिीति और कर काल्पनिक रिटर्न का बड़ा हिस्सा काफी हद तक खत्म कर देती है। उन्होंने लोगों को निवेशों में जोखिमों के बारे में भी बताया। विभिन्न सरकारी निवेशों जैसे डाकघर योजनाएं, पीपीएफ, एनपीएस, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मध्योत्तर अंडमान ज़िला टीबी अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित और उनकी टीम ने निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशोरी नगर का दौरा किया। ज़िला टीबी अधिकारी ने प्रयोगशाला की जांच की और संभावित टीबी जांच के लिए थूक रेफरल में वृद्धि के संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से बातचीत की। उन्होंने टीबी के लक्षण, प्रसार, रोकथाम, निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में आदान–प्रदान सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की शंकाओं का समाधान किया गया। जिला टीबी अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर का भी दौरा किया। जागरूकता कार्यक्रम में डिगलीपुर के सुभाषग्राम ग्राम पंचायत के पंचायत प्रमुख दीपांकर मिस्त्री, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निथय, विस्तार अधिकारी और क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों सहित कुल बावन लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

गाराचरमा के श्री धनदायुथपानी मंदिर में कल से कंथ सष्टि सूरा सम्हारम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छह नवम्बर को महाअभिषेकम होगा। मुख्य कार्यक्रम सात नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।

उधर, चिन्मय मिशन श्री विजयपुरम में आज दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से मिशन के सभागार में आरंभ होगा।

<><><><><><><>

सी आर सी ने शिक्षा निदेशालय के सहयोग से हाल ही में कैम्पबेल बे सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विभिन्न दिव्यांगता संबंधी पाठ्यक्रमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या बिंदु वर्मा ने समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने में जागरूकता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। सीआरसी की निदेशक सुमिता मोल ने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता समावेशी समाज बनाने की कुंजी है। दिव्यांग आदिवासी छात्रों को उनसे संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान कर उन्हें अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी पाठ्यक्रम पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सत्तर से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के युवा शतरंज खिलाड़ी रोहन सिंह ने विश्व शतरंज महासंघ के नवीनतम रेटिंग सूची के तहत क्लासिकल फॉर्मेट में अपनी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रेटिंग शुरू की है। उन्होंने यह उपलब्धि हाल ही में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय नवीन क्रीड़ा उत्सव के दौरान हासिल की।

<><><><><><><>